RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 19 सितंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 151 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**वार्षिक वेतन का 20 प्रतिशत बोनस दिया जाए, यूनियन की मांग**




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र में बनेगी महायुति की सरकार...

# मुख्यमंत्री बनेंगे देवेंद्र फडणवीस, मंत्री गिरीश महाजन ने दिया बयान



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अबतक नहीं हुई है। लेकिन चुनाव की तैयारियों में सभी राजनीतिक दल जुट चुके हैं। अलग-अलग दल के नेताओं द्वारा भरपूर बयानबाजी की जा रही हैं। कहीं कोई अपने नेता को सीएम बनाने की बात कर रहा है तो कहीं कोई किसी को धमकी देता दिख रहा है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गिरीश महाजन ने बयान देते हुए कहा है कि भाजपा की सीएम होगा तो देवेंद्र फडणवीस ही होंगे। हमारे मन में भाजपा का मुख्यमंत्री अगर कोई होगा तो वह देवेंद्र फडणवीस ही हैं।

बता दें कि पहली बार भाजपा के किसी बड़े कोर ग्रुप के सदस्य का बयान अब सामने आया है।

### “महायुति की होगी जीत, देवेंद्र फडणवीस बनेंगे सीएम”

कैबिनेट मंत्री और महायुति में समन्वय समिति के भाजपा के कमेटी के प्रमुख गिरीश महाजन ने सोलापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 15-20 दिनों में आचार संहिता लागू होगी और महायुति की ही जीत होगी और मुख्यमंत्री महायुति का बनेगा। बता दें कि इस बीच एकनाथ शिंदे की शिवसेना के एक विधायक ने भडकाऊ बयान भी दिया है। विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा कि उनके कार्यक्रम में आने वाले किसी भी कांग्रेस कुत्ते को वह वहीं पर दफना देंगे। बता दें कि संजय गायकवाड़ महाराष्ट्र की बुलढाणा सीट से विधायक हैं और उन्होंने हाल ही में राहुल गांधी के खिलाफ भी विवादिय बयान दिया था।

### संजय गायकवाड़ का विवादित बयान

पत्रकारों से बात करते हुए गायकवाड़ ने कहा, “मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनके जिले में महिलाओं के लिए सरकार की “मुख्यमंत्री लाड़की बहिन योजना” के बारे में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान अगर कोई कांग्रेस कुत्ता मेरे कार्यक्रम में घुसने का प्रयास करेगा तो उसे मैं वहीं दफना दूंगा। बीते दिनों राहुल गांधी के खिलाफ विवादित बयान देते हुए संजय गायकवाड़ ने कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस तरह का बयान देते हैं, उससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने इस दौरान कहा था कि जो भी राहुल गांधी की जीभ काटेगा उसे मैं 11 लाख रुपये दूंगा।

# भिवंडी में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान हंगामा

## भीड़ ने ऑटो को पलटा...



**भिवंडी :** भिवंडी में ईद-मिलादुन्नबी जुलूस में हंगामा हो गया. हालांकि पुलिस ने इस पर काबू पा लिया है. गणपति विसर्जन के दौरान पथराव के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल था. ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शांतिपूर्वक जुलूस निकल रहा था. कुछ युवक इधर-उधर घूम रहे थे. दोपहिया वाहनों और रिक्शों पर झंडे लगाए और नारे लगाए. यह हंगामा छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर हुआ. गुस्साए लोगों ने रिक्शा को पलट दिया. भीड़ ने तोड़फोड़ की कोशिश की. पुलिस ने भीड़ को हटा दिया. छत्रपती महाराज चौक परिसर में सभी दुकान बंद करा दी गई हैं. जब जुलूस शुरू हुआ तो कुछ युवक बाइक चला रहे थे. इसके बाद टक्कर लगने का मामला सामने आया. इसके बवाल बढ़ गया.

# ठाणे में 90 यात्रियों को ले जा रही बस में लगी आग

## ड्राइवर-कंडक्टर ने बरती सावधानी, टला हादसा!




**ठाणे:** ठाणे नगर निगम परिवहन की एक बस में आग लग गई. इस बस में कुल 90 यात्री सवार थे. बस ड्राइवर और कंडक्टर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. बस चेंदानी कोलीवाड़ा से खिड़कलेश्वर मंदिर जा रही थी. ठाणे नगर निगम की आपदा प्रबंधन इकाई के प्रमुख यासीन तडवी ने यह जानकारी दी. आग लगने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चेंदानी कोलीवाडी से खिड़कलेश्वर मंदिर जा रही बस के पिछले इंजन डिब्बे में आग लग गई. घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे की है. स्थानीय फायर ब्रिगेड कर्मियों और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन टीम ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया.

तड़वी ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक समझ नहीं आया है. टीएमसी परिवहन प्रबंधक बालचंद्र बेहरे ने कहा कि बस में बैठने की क्षमता 42 है और लगभग 20 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकते हैं. लेकिन, अनंत चतुर्थी के मौके पर कई लोग अपने घरों से बाहर निकले तो बस में भीड़ हो गई.

# मास्क पहनकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर रहा था पड़ोसी

## लड़की चिल्लाई तो दी गला काटने और तेजाब डालने की धमकी



**मुंबई :** मुंबई के धारावी इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां चाकू की नोक पर एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ है. जानकारी के मुताबिक एक 60 साल के पड़ोसी व्यक्ति ने 15 साल की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया. यही नहीं पहचान छुपाने के लिए आरोपी ने मुंह को नकाब से छिपा लिया था.

दुष्कर्म के आरोपी से हड़बड़ी में एक तरफ का मास्क निकल गया और नाबालिग लड़की ने उसकी आवाज भी पहचान ली. इसके बाद जैसे ही नकाब हटा, लड़की चिल्लाने लगी. तभी आरोपी ने लड़की के गले पर चाकू रखा और तेजाब फेंकने की धमकी दे डाली. फिलहाल, धारावी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है.

बीते कुछ दिनों पहले मुंबई के पालघर जिले के नालासोपारा में गणेश उत्सव देखने के बाद घर लौट रही नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था. पालघर जिले के नालासोपारा में 10 वर्षीय लड़की के साथ दो लोगों द्वारा बलात्कार किया गया था. पुलिस ने बताया था कि 10 वर्षीय लड़की अपने परिवार के साथ नालासोपारा पूर्व के शिरडीनगर इलाके में रहती है. लड़की इलाके में गणेश आगमन देखने गई थी.

## चार दिन में हमारी मांगें पूरी करे महाराष्ट्र सरकार : जरांगे



**जालना :** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को चेतावनी दी कि सरकार चार दिन में मराठा समुदाय की मांगें पूरी कर दे, वरना महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव में उसे परिणाम भुगतने होंगे। जरांगे ने मंगलवार को मराठा समुदाय के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। यह पिछले एक साल से अधिक की अवधि में उनका छठा अनशन है। जालना स्थित अपने गांव अंतरवाली सराटी में जरांगे कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो समुदाय राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार को माफ नहीं करेगा।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सिकुड़ता गरीबी का दायरा

गरीबी के मुद्दे पर लंबे समय से गंभीर बहस होती आई है। इस बहस का एक बिंदु यह भी होता है कि आर्थिक वृद्धि का गरीबी पर क्या असर पड़ता है। अमूमन यही माना जाता है कि आर्थिक वृद्धि के विस्तार के साथ ही गरीबी का दायरा सिकुड़ता है। भारत में गरीबी का आकलन गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों की संख्या से किया जाता है। जीवन निर्वाह के लिए वस्तुओं और सेवाओं की एक न्यूनतम कसौटी को गरीबी रेखा के तौर पर मान्यता दी गई है। चूंकि घरेलू सर्वेक्षणों से प्राप्त आमदनी के आंकड़े पूरी तरह विश्वसनीय नहीं तो भारत में गरीबी रेखा को निर्धारित करने के लिए प्रति व्यक्ति मासिक खपत को पैमाना माना गया है। पिछली सदी के छठे दशक में विकसित हुई इस पद्धति को आठवें दशक में संशोधित किया गया।

गरीबी के आकलन में सटीक डाटा जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही अहम गरीबी रेखा को भलीभांति रूप से परिभाषित करना भी है। इस कड़ी में घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस अहम भूमिका निभाता है। इस सर्वे में खानपान, परिधान, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी 350 श्रेणियों पर होने वाले खर्च को शामिल किया जाता है। एचसीईएस के हालिया आंकड़ों में गरीबी के परिदृश्य की एक अलग कहानी दिखाई पड़ती है। इसके आंकड़े गरीबी की मौजूदा और संभावित दशा-दिशा को दिखाते हैं। इससे जुड़े आंकड़ों के दूसरे चरण की जमीनी पड़ताल की प्रक्रिया अभी जारी है। उनके सामने आने के बाद हमें कुछ और ठोस आधार मिलेंगे, लेकिन जो आंकड़े सामने आए हैं, उनके व्यापक विश्लेषण से देश में उपभोग के रुझान को लेकर व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। इससे स्पष्ट है कि लोग अब केवल अनाज पर ही केंद्रित न होकर अपने भोजन में दूध, मांस, फल और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को भी तरजीह दे रहे हैं। खानपान के रुझान में इस परिवर्तन का कृषि नीति, पोषण, स्वास्थ्य और जनकल्याण जैसे पहलुओं से गहरा सरोकार है। इस रुझान के प्रमुख निष्कर्षों की पड़ताल करें तो प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में भारी बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण उपभोग में 164 प्रतिशत तो शहरी उपभोग में 146 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। इसमें बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने जबरदस्त तेजी दिखाई। ग्रामीण सिक्किम 394 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ शीर्ष पर काबिज रहा। इसका दूसरा पहलू तो और भी महत्वपूर्ण है और वह यह कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि भोजन सामग्री पर घरेलू खर्च का हिस्सा 50 प्रतिशत से भी कम हो गया है। भोजन पर होने वाले खर्च में कमी जीवन स्तर में सुधार के साथ ही एंगेल के नियम के अनुरूप भी है कि आय बढ़ने के साथ ही भोजन पर होने वाले खर्च का अनुपात घटता जाता है। तीसरा पहलू, अनाज की खपत में गिरावट को दशार्ता है। विशेष रूप से आर्थिक तलहटी पर मौजूद 20 प्रतिशत लोगों के स्तर पर यह देखने को मिला है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# दो साल की बच्ची से यौन शोषण, बच्ची की मां ने थाने में शिकायत करायी दर्ज

**राजगढ़ :** पुणे-सतारा हाइवे पर स्थित एक गांव में दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहां एक नाबालिग लड़के ने दो साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया. इस घटना से तालुका में काफी सनसनी फैल गई है और नाबालिग आरोपी को राजगढ़ पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. बच्ची की मां ने थाने में शिकायत दर्ज करायी.

यह राजगढ़ पुलिस स्टेशन के तहत पुणे-सतारा राजमार्ग पर एक गांव में हुआ। इस घटना की जानकारी जैसे ही राजगढ़ पुलिस को मिली पुलिस मौके पर पहुंची. हालाँकि, समझा जाता है कि



आरोपी भाग गया है। इसके बाद पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच का पहिया तेजी से घुमाते हुए नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया है.

पुलिस के मुताबिक पीड़ित लड़की नाबालिग आरोपी के पड़ोस में रहती है और वे एक दूसरे को जानते थे. पीड़िता आरोपी नाबालिग के साथ खेलने आती थी. जब छोटी बच्ची की मां अपने कपड़े धो रही थी, तो नाबालिग आरोपी छोटी बच्ची को अपने कमरे में ले गया और उसे अंदर जंजीर से बांध दिया।

तभी बच्ची की चीख सुनकर बच्ची की मां बंद कमरे की ओर दौड़ी. उसने दरवाजा खोलने की कोशिश की. हालांकि, आरोपी ने दरवाजा नहीं खोला. चिल्लाने पर नाबालिग आरोपी ने बच्ची की मां को जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग गया.

घटना की जानकारी जैसे ही राजगढ़ पुलिस को मिली पुलिस मौके पर पहुंची. गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में खुलासा हुआ है कि एक नाबालिग लड़के ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया और लड़की की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है.

## ड्रग तस्करी में शामिल गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार गायिका प्रियंका करकौर को जमानत से इनकार



**मुंबई:** एनडीपीएस कोर्ट ने चेंबूर की 25 वर्षीय गायिका प्रियंका करकौर को जमानत देने से इनकार कर दिया है। प्रियंका को पिछले साल 16 अगस्त को ड्रग तस्करी में शामिल गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसके घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद की थी, जिसका इस्तेमाल ड्रग तस्करी में किया जाता था। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि कार में बैठे आरोपियों के समूह से केटामाइन और चरस की वाणिज्यिक मात्रा बरामद की गई। इसके अलावा अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि करकौर और गिरोह के मास्टरमाइंड सरफराज शब्बीर अली खान, जिसे गोल्डन भूरा के नाम से भी जाना जाता है, के घर से 17 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई।

अभियोजन पक्ष ने कहा कि क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया है और इस अपराध के सिलसिले में कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि आरोपी ड्रग तस्कर है और उसके और सह-आरोपी के बीच तस्करी से संबंधित व्हाट्सएप चैट जैसी सकारात्मक सामग्री है। प्रथम दृष्टया यह उनके बीच सांठगांठ को दशार्ता है। हालाँकि बचाव पक्ष ने इस आधार पर उसके लिए जमानत मांगी कि जाँच पूरी हो चुकी है और उसके खिलाफ आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है। इसके अलावा, उसका एक छोटा बच्चा है और वह लगभग एक साल से जेल में है।

## धुले में गणपति विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा...

## 3 बच्चों की मौके पर ही मौत

**धुले :** महाराष्ट्र के धुले जिले में गणपति विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया. शहर से सटे चित्तौड़ गांव में गणपति विसर्जन जुलूस के दौरान ये हादसा हुआ. इस दर्दनाक




सड़क हादसे में 3 छोटे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में मृतक बच्चों की उम्र 13 साल, 6 साल और 3 साल बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि हादसे से 2 नाबालिगों समेत छह लोग घायल हो गए. गणपति विजर्सन के लिए गांववाले बड़ी धूमधाम से घाट किनारे जा रहे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में गांववासी ट्रैक्टर में गणपति की मूर्ति को ले जा रहे थे.

## म्हाडा लॉटरी के लिए आवेदन करने का आखिरी दो दिन

**मुंबई:** महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) की डिविजनल इकाई मुंबई मंडल द्वारा मुंबई में 2030 घरों के लिए लॉटरी निकाली जा रही है। अगर आप मुंबई में सपनों का घर खरीदना चाहते हैं तो इस लॉटरी के लिए आवेदन करना सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इस लॉटरी के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 19 सितंबर है। यानी आज म्हाडा लॉटरी (मुंबई म्हाडा लॉटरी) के लिए आवेदन करने के लिए कुल दो दिन बचे हैं। पहले यह तारीख 9 सितंबर थी. लेकिन म्हाडा द्वारा




इस अंतिम तिथि को 19 सितंबर तक बढ़ा दिया गया था।

कुछ दिन पहले म्हाडा के मुंबई बोर्ड ने मुंबई में कुल 2030 घरों के आवंटन की घोषणा की थी। इसके बाद 9 अगस्त से इस ड्रॉ के लिए आवेदन शुरू किया गया था. पहले आवेदन करने की आखिरी तारीख 9 सितंबर तय की गई थी। साथ ही पुरानी तारीख की तरह 13 सितंबर को ड्रॉ की घोषणा की जानी थी. इन तारीखों के मुताबिक म्हाडा को आवेदन करने के लिए सिर्फ 26 दिन का समय दिया गया था। इसे ध्यान में रखते हुए म्हाडा ने आवेदन की अंतिम तिथि 19 सितंबर तक बढ़ा दी थी। यह एक्सटेंशन भी उम्मीद के अनुरूप जवाब न मिलने के कारण दिया गया।

म्हाडा की इस खेप में कुल 2030 घर होंगे। ये घर पहाड़ी गोरेगांव, एंटॉप हिल-वडाला, कोपरी पवई, कन्नमवार नगर-विक्रोली, शिवधाम कॉम्प्लेक्स-मलाड में स्थित हैं। ये घर अलग-अलग आय वर्ग में होंगे.



# भिवंडी में गणपती विसर्जन के दौरान मूर्ति पर फेंका पत्थर, जमकर हंगामा... पुलिस ने बरसाई लाठी



**ठाणे :** भिवंडी में गणपती विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा था. हर साल की तरह इस बार भी वंजारपट्टी नाका पर हिंदुस्तानी मस्जिद के बाहर एक मंडप बनाकर, मोहल्ला कमेटी और पुलिस बैठकर गणेश मंडल का स्वागत कर रह थे. रात करीब बारह बजे के दौरान घुघट नगर से विर्सजन के लिए नदीनाका कामवारी नदी ले जाया जा रहा था. आरोप है कि भगवान गणेश बड़ी मूर्ति जब वंजरपट्टी नाका से गुजर रही थी, इसी दौरान कुछ युवकों ने मूर्ति पर पथराव कर दिया. इसकी वजह से मूर्ति खंडित हो गई.

इसके बाद मौके पर मंडल के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया. इस बीच एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया. मूर्ती खंडित किए जाने को लेकर मंडल के लोगों ने मांग करते हुए कहा कि जब तक सभी पाथरबाजों को पुलिस नहीं पकड़ती मूर्ति विर्सजन नहीं किया जाएगा.

घटना की सूचना मिलते ही कुछ और मंडल के लोग पहुंचकर जय श्री राम का नारा लगाने लगे. देखते-देखते दोनों समाज के लोगों की भीड़ बढ़ गई और तनाव का माहौल बन गया. माहौल बिगड़ता देख डीसीपी, एसीपी और सीनियर के साथ बड़े पैमाने पर पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए. पहले तो समझाया गया, लेकिन लोग आरोपी को पकड़ने की मांग करते हुए कहा कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं करते, तब तक गणपती विसर्जन नहीं किया जाएगा.

ऐसे में पुलिस और भीड़ के बीच धक्का-मुक्की होने लगी. इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई लोगों को चोट लगी है और कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए है., मौके पर बीजेपी विधायक महेश चौघुले अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और मामले को शांत करने की कोशिश की. फिर सभी लोगों ने शिवाजी चौक पर जमा होकर आगे की कार्रवाई की मांग की. वहीं हाफिज दरगाह पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, साथ ही साथ पुलिस के जवान भी मौजूद रहे, ताकि कोई घटना न हो. एडिशनल कमिश्नर ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है. मामला दर्ज करने के बाद जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा, उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल भिवंडी का माहौल शांत है. शहर में पुलिस का भारी बंदोबस्त है. डीएसपी कार्यालय में बैठक भी बुलाई गई, जिसमें पत्रकार और मोहल्ला कमेटी के लोग भी शामिल थे.

# वार्षिक वेतन का 20 प्रतिशत बोनस दिया जाए, यूनियन की मांग

**मुंबई :** भले ही दिवाली आने में अभी काफी समय बाकी है, लेकिन नगर निगम में अभी से ही बोनस की हवा चल रही है। चूंकि विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता गणपति या दशहरा के बाद लागू होने की संभावना है, इसलिए यूनियनों ने मांग की है कि बोनस की घोषणा पहले से की जाए। नगर निगमों के संघ और नगर निगम संघ ने मांग की है कि नगर निगमों के कर्मचारियों को उनके कुल वार्षिक वेतन का 20 प्रतिशत बोनस दिया जाए। भले ही दिवाली अभी डेढ़ महीने दूर है, लेकिन नगर निगम यूनियनों में दिवाली अनुदान पर चर्चा शुरू हो चुकी है।

हर साल दिवाली नजदीक आते ही यूनियन बोनस की मांग करती है। इसके बाद शहर संचालन समिति को चर्चा के लिए समय देता है। यह



समस्या तब भी हल नहीं हो सकती, जब बोनस का मुद्दा प्रधानमंत्री के सामने लाया जाए और प्रधानमंत्री या सत्तारूढ़ दल बोनस की घोषणा कर दे। ऐसी ही स्थिति लगभग हर साल बनती है. लेकिन इस साल दशहरा के बाद विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने की संभावना है. इस प्रकार, आचार संहिता की वैधता अवधि के दौरान बोनस मामलों में राजनीतिक दलों का हस्तक्षेप सीमित रहेगा। इसलिए यूनियनों ने मांग की कि आचार संहिता लागू होने से पहले बोनस राशि की घोषणा की जाए।

# मुंबई : स''ाद्री अतिथि गृह में रहने का दिया ऑफर...

## 50 वर्षीय एक जर्मन नागरिक को ऑनलाइन जालसाजों ने ठगा




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय एक जर्मन नागरिक को ऑनलाइन जालसाजों ने ठगा और उसे दक्षिण मुंबई में महाराष्ट्र सरकार के शानदार अतिथि गृह 'स'ाद्री' में रहने का ऑफर दिया। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता तोस्तान बेक एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक गाइड है और अप्रैल में भारत आया था।

**जर्मन नागरिक 9000 में ऑफर किया गया कमरा**


शिकायतकर्ता तोस्तान बेक ने पुलिस को बताया कि पिछले दो महीने से वह गोवा में रह रहा था, जहां उसकी योजना योग विद्यालय खोलने की थी। चूंकि जर्मन नागरिक का बिजनेस वीजा 20 सितंबर को समाप्त हो रहा था, इसलिए वह थाईलैंड जाने के लिए सोमवार को मुंबई आया था। दो दिनों के लिए रहने की जगह की तलाश में वो एक वेबसाइट पर गया, जिसमें मालाबार हिल में मौजूद स'ाद्री अतिथि गृह में 9,270 रुपये में कमरा देने की पेशकश की गई थी।

**मालाबार हिल पुलिस स्टेशन में केस दर्ज**

इस मामले में एक व्यक्ति ने उससे व्हाट्सएप पर संपर्क किया और अग्रिम भुगतान मांगा। जिस पर तोस्तान बेक ने भुगतान कर दिया। वहीं राज्य के अतिथि गृह स'ाद्री पहुंचने पर उसे एहसास हुआ कि यह कोई व्यावसायिक होटल नहीं है और उसके ठगी की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मालाबार हिल पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# कोहरे में खोए ठाणे, कल्याण-डोंबिवली! हालांकि, वायु गुणवत्ता सूचकांक से प्रदूषण के संकेत

**डोंबिवली:** ठाणे, दिवा, डोंबिवली, कल्याण, अंबरनाथ, बदलापुर, टिटवाला शहर और ग्रामीण इलाकों में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सुबह सैर पर निकले नागरिकों ने खुशी का इजहार किया। हालाँकि, अदक क्ठऊ से पता चला है कि हवा की गुणवत्ता खराब हो गई है। सेंट्रल रेलवे लाइन पर भी फैले कोहरे के कारण लोकल ट्रेनें देरी से चल रही हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि अचानक कोहरा छाना बारिश की वापसी का संकेत है। सुबह साढ़े चार बजे से ही वातावरण में कोहरे की घनी चादर बिछ गयी थी. सुबह-सुबह कोहरे के कारण वाहन चालक को भी पांच फीट से अधिक सड़क दिखाई नहीं दे रही थी। ड्राइवर को वाहन की आगे की लाइटें जलाकर सड़क पर आगे



बढ़ते देखा गया। स्थानीय मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ.

कल्याण-डोंबिवली में गगनचुंबी इमारतें कोहरे में खोई नजर आईं। सुबह नियमित रूप से बाहर निकलने वाले नागरिकों को इस कोहरे से सुखद झटका लगा। तो सभी को लगा कि सोमवार की सुबह हमारे लिए कुछ खास थी। वायु गुणवत्ता सूचकांक बेशक, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक की जांच की गई तो देखा गया कि यह 166 अंक तक पहुंच गया। ये सूचकांक संख्याएँ दर्शाती हैं कि साँस लेना आम जनता के लिए अच्छा नहीं है, जिनमें अस्थमा से पीड़ित लोग भी शामिल हैं। इसलिए चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपील की है कि नागरिक सुबह-सुबह घर से बाहर निकलते समय कोहरे का आनंद लें, लेकिन यह भी ध्यान रखें कि इसका उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

कल्याण-डोंबिवली में सड़कों पर बने गड्ढों में वाहनों के टायरों के टकराने से बड़ी मात्रा में धूल उड़ रही है। परिणामस्वरूप, वाहन चालक, पैदल यात्री और सड़क के दोनों ओर रहने वाले निवासी अक्सर गला सूखने के कारण सर्दी और खांसी जैसी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। इस बीमारी को ठीक होने में काफी देरी होती है। सुबह के समय पड़ने वाला घना कोहरा भी इसमें इजाफा कर रहा है।

# नवाब मलिक के दामाद की कार दुर्घटना का शिकार... सिर में चोटें फिलहाल आईसीयू में



**मुंबई :** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता नवाब मलिक के दामाद की कार दुर्घटना का शिकार हो गई। जानकारी के मुताबिक, समीर खान कुर्ला में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। नवाब मलिक की बेटी और दामाद एक अस्पताल में नियमित जांच के बाद लौट रहे थे। मुंबई पुलिस ने बताया कि जब वे कार में बैठ रहे थे, तो कार चालक ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया और कार दीवार से जा टकराई। समीर खान के सिर में चोटें आईं हैं और वह फिलहाल आईसीयू में हैं।

# पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल और विधायक संजय शिरसाट प्रमुख निकायों में नियुक्त

**मुंबई:** विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ शिवसेना में संभावित असंतोष को शांत करने के लिए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल और पार्टी विधायक संजय शिरसाट को प्रमुख निकायों में नियुक्त किया। शिरसाट को शहर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो राज्य सरकार के सबसे अमीर उपक्रमों में से एक है।

शिरसाट शिवसेना के उन विधायकों में से एक हैं, जिन्होंने पिछले दिनों कैबिनेट पद न मिलने पर अपनी निराशा जाहिर की थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता वाले शहरी विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सिडको के अध्यक्ष का पद कैबिनेट रैंक के बराबर है।

शिवसेना नेता रामदास कदम के बेटे सिद्धेश कदम को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया। शिंदे ने अपनी पार्टी के सहयोगी और पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल को महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग का अध्यक्ष भी नियुक्त किया। सोमवार को जारी एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि नियुक्ति का कार्यकाल अगले डेढ़ साल या अगला सरकारी आदेश आने तक रहेगा।

# डॉक्टर ने अंधे जोड़े के नवजात बच्चे को बेचने की कोशिश की, मामला दर्ज

**कल्याणः** कल्याण में अपराध दर बढ़ती जा रही है. अब कल्याण में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. एक डॉक्टर एक नवजात शिशु को बेचने की कोशिश करता है। इतना ही नहीं, अंधी मां को बच्चे का मां का दूध बंद करने के लिए गोलियां भी दी गईं. कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस ने डॉ. अनुदुर्ग के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.



मोहने इलाके में एक नेत्रहीन जोड़ा रहता है। दंपति की पांच साल की बेटी और तीन साल का बेटा है। पांच महीने बाद महिला को एहसास हुआ कि वह गर्भवती है. दोनों पति-पत्नी कल्याण पश्चिम के मोहने स्थित गणपति नर्सिंग होम गए। मोहाने इलाके में गणपति नर्सिंग होम के डॉक्टर ने महिला का चेकअप किया और बताया कि वह गर्भवती है. दंपत्ति तीसरा बच्चा नहीं चाहते थे, इसलिए उन्होंने डॉक्टर से गर्भपात की प्रक्रिया करने को कहा। लेकिन डॉक्टर अनुदुर्ग धोनी ने कहा कि ये बच्चा उन्हें दे देना चाहिए. डॉक्टर ने अंधे जोड़े से कहा कि वह बच्चे को अपने एक रिश्तेदार को सौंप देगा, और डॉक्टर का रिश्तेदार बच्चे के बदले अस्पताल का सारा खर्च और दंपति के दो बच्चों की शिक्षा का खर्च भी वहन करेगा। अंधे जोड़े को लगा कि कम से कम यह बच्चा उनके दो बच्चों को बेहतर शिक्षा देगा। 24 अगस्त को महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया, डॉक्टर ने बच्चे को अपनी कस्टडी में ले लिया. बाद में जब अंधे जोड़े ने इस डॉक्टर से पूछा, क्या आपने हमसे कुछ वादा किया था? डॉक्टर धोनी ने इस बात से साफ इनकार कर दिया. इतना ही नहीं अस्पताल का बिल भी भरने को कहा। डॉक्टर ने बच्चे को करीब आठ-दस दिन तक अपने पास रखा और मां का दूध बंद करने के लिए कुछ गोलियां भी दीं। लेकिन एक सामाजिक कार्यकर्ता की अनुवर्ती कार्रवाई के बाद डॉक्टर को बच्चा माता-पिता को लौटाना पड़ा।


# नशे में धुत एक ड्राइवर ने मंत्री चंद्रकांत पाटिल के काफिले की कार में टक्कर मार दी



**महाराष्ट्रः** पुणे में चंद्रकांत पाटिल हादसाः पुणे के कल्याणीनगर इलाके में पोर्शे कार की टक्कर का मामला, मुंबई में वर्ली और नागपुर में हादसों के मामले अभी नए हैं जबकि पुणे में फिर ऐसा ही हादसा हुआ। चारों दुर्घटनाओं में चालक शराब के नशे में थे। पुणे में नशे में धुत एक ड्राइवर ने सीधे मंत्री चंद्रकांत पाटिल के काफिले की कार में टक्कर मार दी. सौभाग्य से, किसी की मृत्यु नहीं हुई। हालांकि, पुलिसकर्मी और इस कार का ड्राइवर घायल हो गए. नशे में धुत चालक और उसके साथी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# ठाणे : दो सौ रुपए के विवाद में मजदूर ने हथौड़े से वार कर हत्या कर दी

**ठाणे :** मजदूरी कम देने के विवाद में एक मजदूर ने एक मजदूर के सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी. ये दिल दहला देने वाली घटना अंबरनाथ में घटी.




दिल दहला देने वाली यह घटना वडावली सेक्शन इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत में घटी. शिवाजी नगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

पूर्वी वाडवली अनुभाग क्षेत्र में दत्त साई कंपनी। ऑप. पुनर्विक्रय के लिए हाउसिंग सोसायटी की इमारत को खाली कराने का काम चल रहा है। निमार्णाधीन बिल्डिंग को अंदर ही अंदर तोड़ने का काम चल रहा था और वहां पश्चिम बंगाल राज्य के तीन मजदूर काम कर रहे थे और रह रहे थे.

**कम वेतन को लेकर विवाद**

मुकदम अब्दुल रहमान (37) की उसके सहकर्मी सलीम शेख (49) ने सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। उनके बीच इस बात को लेकर विवाद हो गया कि मुकादम मालिक से 900 रुपये ले रहा था और मजदूरों को 700 रुपये दे रहा था.

**गुस्से में मार डाला**

इसी गुस्से को दिल में रखकर रविवार की सुबह करीब चार बजे आरोपी ने उसके सिर पर हथौड़े से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. अब्दुल रहमान को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

**अपराध की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है**

राज्य में अपराध की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. इसमें हत्या, हत्या का प्रयास, लूट जैसी घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में भी काफी वृद्धि होने की बात कही जा रही है। इस बीच यह बात सामने आई है कि दो सौ रुपये को लेकर हुए विवाद के बाद मजदूर ने मुकदमे की हत्या कर दी।

# वसोर्वा में शिंदे ग्रुप के दफ्तर पर उद्घाटन से पहले पथराव

## आरोपियों की तलाश जारी

**मुंबईः** वसोर्वा में शिंदे ग्रुप के दफ्तर पर उद्घाटन से पहले पथराव की घटना हुई है. पथराव से इलाके में तनाव का माहौल बन गया है. 'एकनाथ भवन' प्रभाग कार्यालय की स्थापना शिंदे समूह के प्रभाग प्रमुख अल्ताफ पेवेकर द्वारा की गई है। आज गणपति विसर्जन के बाद मुख्यमंत्री द्वारा कार्यालय का उद्घाटन किया जाना था। हालांकि, उद्घाटन से पहले अज्ञात लोगों द्वारा कार्यालय पर पथराव किया गया था. पुलिस ने पथराव के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है. इस बीच शिंदे गुट ने आरोप



लगाया है कि ठाकरे गुट के एक कार्यकर्ता ने पथराव किया.

गणपति विसर्जन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को वसोर्वा विधानसभा क्षेत्र में शिंदे समूह के संभागीय कार्यालय एकनाथ भवन का उद्घाटन करना था। लेकिन आज दोपहर करीब बारह बजे शिंदे ग्रुप के एकनाथ भवन स्थित कार्यालय पर अज्ञात लोगों द्वारा पथराव कर दिया गया. वसोर्वा में शिंदे ग्रुप के दफ्तर पर पथराव की घटना से इलाके में तनाव का माहौल है. वसोर्वा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इलाके में सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।

**बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है**

वसोर्वा पुलिस ने दो से तीन टीमें बनाकर इलाके के सीसीटीवी और लैंप जब्त कर लिए हैं और आरोपियों की तलाश कर रही है. शिंदे गुट का आरोप है कि ठाकरे गुट के कार्यकर्ता ने एकनाथ भवन कार्यालय पर पथराव किया है. लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी के बाद यह साफ हो जाएगा कि पत्थर किसने फेंका. इलाके में तनाव है. पुलिस ने बड़ी संख्या में सुरक्षा तैनात की है.

# होटल फाल्कन में छापेमारी... 25 जुआरियों से दो लाख रुपये नकद जब्त!



**ठाणे :** बड़े जुआरियों ने होटल के कमरे में तीन तरह से जुआ खेलने की योजना बनाई थी, इसकी जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे की टीम पहुंची सेंट्रल थाने की पुलिस ने सुबह-सुबह छापेमारी कर करीब 25 जुआरियों को पकड़ लिया है.

कल्याण-बदलापुर राजमार्ग पर होटल फाल्कन में दो कमरे बुक करने के बाद तीन पत्ती जुआ चल रहा था, इसकी जानकारी मिलने पर सेंट्रल ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे, पुलिस निरीक्षक उमेश सावंत, सहायक पुलिस निरीक्षक सुधर्मा सावंत, सहायक पुलिस इंस्पेक्टर राकेश शेवाले ने सुबह-सुबह होटल फाल्कन के कमरा नंबर 305 और 404 पर छापा मारा.

इस छापेमारी में होटल मैनेजर के साथ मोहन जामतामल खत्री, उमेश दीपक गिधानी, मनीष प्रकाश असनानी, भावेश भारत शौकिन, पवन टीकमदास शुक्रवानी, कुमार किशन डोरडे, सुनील लाखी रोहरा, नितेश श्यामलाल दादा, हितेश लालचंद दूसेजा, गुरुमीत सिंह लबाना, दिनेश शामिल थे. भगवान दास मूलचंदानी, सनी सिंह लबाना, गुरुमीत दिलीप सिंह लबाना, प्रकाश गुल कलानी, विजय करेरा, अमित तोलानी, मयूर चुघ, राजा कुंडानी, मोहित सुनील दूसेजा, करण पाहुजा, नितेश रूपलानी, कुणाल पथाई, जयेश चंचलानी, नितेश चिमनानी, तरुण लेडवानी दो लाख रुपये नकद जब्त किए गए।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com